<u>सेंट मोंटफोर्ट स्कूल, भोपाल</u>

<u>श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव</u>

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को स्पेशल असेम्बली के रूप में सेंट मोंटफोर्ट स्कूल पटेल नगर के कक्षा सातवीं "अ" और "ब" के छात्र -छात्राओं ने बड़ी धूमधाम से मनाया| भगवान कृष्ण के जन्म के विषय में कुछ छात्रों ने अच्छी बातें बताई|लघुनाटिका के द्वारा छात्रों ने श्री कृष्ण का जन्म, गोपियों के साथ रास लीला तथा मटकी फोड़ने का प्रदर्शन किया | रासलीला में छात्र-छात्राओं के सुन्दर नृत्य तथा रंग-बिरंगी पोशाकों ने दर्शकों का मन मोह लिया |

इस अवसर पर कक्षा तीसरी से बारहवी तक के समस्त छात्र- छात्रएं वहाँ उपस्थित थे |तालियों के द्वारा भगवान कृष्ण की बाल-लीलाओं का स्वागत किया गया|कक्षा सातवीं के छात्र-छात्राओं ने बताया कि भगवान कृष्ण ने द्धापर युग में अवतार लिया था|तभी से लड़के -लडकियों में भेदभाव समाप्त कर दिया गया था, क्योंकि भगवान की रास लीला में गोप-गोपियाँ साथ मिल कर नृत्य करते थे|इस कार्यक्रम में नृत्य एवं मटकी फोड़ आकर्षण का केंद्र थे|छात्रों ने बताया कि महाराष्ट्र और पूना में यह उत्सव "दाही हाँडी "के रूप में भव्य रूप में मनाया जाता है, सभी धर्म एवं जाति के लोग इस उत्सव में हिस्सा लेते है|अतिरिक्त प्रतिभा के रूप में कक्षा आठवी की छात्राओं ने सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी|

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ब्रदर मोनाचन ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी, उनका उत्साह बढ़ाया तथा कुछ अन्य जानकारियाँ दी|इस प्रकार यह कार्यक्रम समाप्त हुआ|